## संक्षिप्त

### महेन्द्र कसाना संयोजक नियुक्त



महेन्द्र कसाना

**मनोहरपुर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किये गये सदस्यता अभियान में महेन्द्र कसाणा गुर्जरपुरा विराटनगर को युवा मोर्चा के द्वारा सदस्यता अभियान हेतु जयपुर देहात उत्तर का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। कसाणा ने उक्त नियुक्ति पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, सदस्यता अभियान संयोजक डॉ. अरूण चतुर्वेदी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

### नाथू लाल सैनी बने ब्लॉक अध्यक्ष



नाथू लाल सैनी

**शाहपुरा,** (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय की ओर से शनिवार को देर रात ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय की ओर से विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें शाहपुरा ए से ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार गुर्जर निवासी ग्राम जोधपुरा तथा शाहपुरा बी से नाथू लाल सैनी निवासी शाहपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। सैनी के ब्लाक अध्यक्ष बनने पर रविवार को लोगों ने खुशी जताई और बधाई दी।

### कृषा वैष्णव को 'ग्रैंड मास्टर' से नवाजा



कृषा वैष्णव

**टोंक,** (निसं)। कृषा वैष्णव ने मात्र 8 साल और 6 महीने की उम्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें लव कुश राम कथा के सबसे तेज पाठ के लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में 'ग्रैंड मास्टर' के खिताब से नवाजा गया है। कृषा विट्टी इंटरनेशनल स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा हैं और संगीत की शिक्षा डॉ. दीपेश विशनावत से ले रही हैं। वादन की शिक्षा लोकेश डडवाडिया से ले रही है। कृषा की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि उन्होंने अन्य बच्चों को भी इस दिशा में प्रेरित किया है। अपनी इस अद्वितीय प्रतिभा और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति समर्पण के माध्यम से, उन्होंने बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना को और भी मजबूत किया है। कृषा वैष्णव की यह असाधारण उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे टोंक और राजस्थान के लिए गर्व की बात है।

### गृहराज्य मंत्री बेढम का जन्मदिन मनाया

**कोटपूतली,** (निसं)। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर पनियाला गौशाला में गायों को गुड व दलिया खिलाया गया एवं वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश रावत, बुधराम गुर्जर, योगेश गुर्जर, अमित कसाना, पूरण गुर्जर, विजेंद्र गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### कार्यकरिणी की बैठक आयोजित

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के बिचून रोड स्थित सामुदायिक भवन में बलाई समाज विकास परिषद फुलेरा कार्यकारिणी संस्था की बैठक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद कालावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में पूर्व में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की समीक्षा की गई। साथ ही साथ अध्यक्ष कालावत ने अब तक परिषद के आय व्यय का ब्यौरा दिया। जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। परिषद में मंत्री पद पर नाथूलाल खारडिया, ओमप्रकाश कारडिया व कन्हैया लाल गांधी को मनोनीत कर परिषद का दुपट्टा पहनाकर कार्यकारणी का विस्तार किया गया।

# उन्नत समाज से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है : वासुदेव देवनानी



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अलवर के भर्तृहरि धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन किये तथा पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अलवर के भर्तृहरि की तपोस्थली घाम व पांडुपोल में पूजा अर्चना की

**किशनगढबास,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन खैरथल-तिजारा द्वारा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मेरिट में आए छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में रविवार को किशनगढ़बास के खैरथल रोड़ स्थित गजानन्द गार्डन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अति. विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, मुख्य वक्ता कैलाश कल्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रतियोगिता कराना और मेरिट में आए बालक बालिकाओं को सम्मानित किया जाना ही पर्याप्त नहीं होगा। प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं की ओर से दिए गए अच्छे सुझावों को सूचीबद्ध करके सरकार और वन एवं पर्यावरण मंत्री तक पहुंचाएंगे तो निश्चित अच्छे सुझावों को सरकार अमल में लेकर आएगी। उन्नत समाज से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है समाज उन्नत होता है तो राष्ट्र का विकास होगा। इस दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने भी पृथ्वी पर बढता जल संकट और उपाय पर आयोजित कराई गई निबंध प्रतियोगिता की सराहना की और समाज की इस पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह कैलाश कल्ला ने कहा कि पृथ्वी पर जल संकट तेज गति से उभर कर आ रहा है जिसको लेकर हर नागरिक को अपनी जिम्मेवारी समझते हुए अत्यधिक हो रहे पानी के दोहन को रोकने में अपनी अहम भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में आयोजित कराई गई 'पृथ्वी पर बढता जल संकट और उपाय' निबंध प्रतियोगिता में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर मेरिट में आए करीब 100 बच्चों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारीयों ने अतिथियों का साफा व दुपट्टा पहनकर तथा पौधा भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर खैरथल किशनगढबास सिंधी पंचायत के लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष का सम्मान किया। इस दौरान विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष भूदेव शर्मा, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक विष्णु स्वामी, राजस्थान विप्र फाउंडेशन संगठन महामंत्री सतीश शर्मा, खैरथल-तिजारा विप्र फाउंडेशन संगठन महामंत्री संजय कौशिक, अलवर डाइट वरिष्ठ व्याख्याता अनुरीता झा, खैरथल तिजारा विप्र फाउंडेशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ, महामंत्री मनोज व्यास, कोषाध्यक्ष जय भगवान शर्मा, विधि प्रभारी एडवोकेट अमित गौड, त्रिलोक शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी व वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा किशनगढबास क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर व मोठूका सिंधी समाज के दरबार पहुंचे वहां संतों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सिंधी समाज के लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष व मंत्री का जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भर्तृहरि धाम व पाण्डूपोल हनुमान मंदिर पंहुचकर पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्रा प्रभार संजय शर्मा मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री स्वतंत्रा प्रभार संजय शर्मा ने सरिस्का गेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इससे पूर्व देवनानी का अलवर सर्किट हाउस में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों ने नागरिक अभिनन्दन किया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सीसीएफ संठााम सिंह कटिहार, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सिंह, के.जी. खण्डेलवाल, पं. जले सिंह, सतीश यादव, महेश मीना, रोहिताश घाघल सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## रेलनगरी फुलेरा में हुआ शिव पार्थिव रुद्राभिषेक

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे की बिचून रोड स्थित बुद्धनाथ बाबा की बगीची पर शिव पार्थिव रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन ब्रह्म ज्योतिष केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित हुआ। रुद्राभिषेक महोत्सव के आचार्य पण्डित कुंजबिहारी वशिष्ठ ने बताया कि शिव रुद्राभिषेक महोत्सव में 21 शिव पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक विधि विधान के साथ 21 यजमानों द्वारा पूर्ण मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया गया। इस दौरान प्रातः 9 बजे बाबा मृत्युंजय (पार्थिव रूद्र) का अभिषेक, पूजन व दोपहर 3:15 बजे बाबा मृत्युंजय महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया। जिसको देखने के लिए नगर से आस्था का सैलाब उमड पडा। वहीं आचार्य पण्डित कुंजबिहारी वशिष्ठ ने बताया कि पार्थिव शिव का पूजन सभी मनोरथ देने वाला है। शिव पुराण के अनुसार कलयुग में इसका बडा महत्व है, रुद्राभिषेक और आलौकिक शिव श्रृंगार देखने के लिए लोग भोलेनाथ की एक झलक पाते ही आनंदित हो जाते है। कार्यक्रम का समापन सांयकाल को पूर्णाहुति और भोलेनाथ की महाआरती के पश्चात हुआ। इस मौके पर सैंकडों सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण की कछुआ चाल से राहगीर परेशान

**पावटा,** (निसं)। ग्रामीण सडक मुख्य मंत्री बजट घोषणा वर्ष 2023-24 अंतर्गत पावटा से कूनेड तक जाने के लिए पीडब्ल्यूडी की स्वीकृति से ठेकेदार द्वारा 80 लाख की लागत से दो किलोमीटर सडक निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें पावटा से कूनेड तक 2 किलोमीटर की सीसी रोड का निर्माण कराया जाना है लेकिन ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कछुआ चाल से राहगीरों की जान की आफत बन चुकी है।

कोई भी सक्षम अधिकारी और ठेकेदार ना ही उसके कर्मचारी कुछ सुनने को तैयार है। आलम यह है कि लगभग सवा साल से इस सडक का निर्माण कार्य हो रहा है लेकिन आज तक राहगीरों को बस परेशानी का सामने ही करना पड रहा है। पीडब्लूडी अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से आधा-अधूरा निर्माण लोगों की मुसीबत बन गया है। वही आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लोगों की इस परेशानी को लेकर पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार तो लापरवाही बरत ही रहे हैं और प्रशासनिक स्तर पर भी अब तक दखल नहीं हो रहा है। वही ग्रामीणों के बार बार कहने पर ठेकेदार द्वारा इस सडक निर्माण का कार्य लापरवाही के चलते कार्य समय से तीन-चार महिने देर से शुरू किया गया था जबकि इस सडक निर्माण का कार्य 16 जुलाई 2023 को शुरू होना था व 16 दिसबर 2023 को समाप्त होना था।

## तीन कमरों के ताले तोड़ जेवर सहित हजारों की नगदी पार

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। एक सूने मकान को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों ने बाईपास रोड पर वार्ड नं.4 हरभजनका कॉलोनी में एक सूने मकान के कमरों में रखी अलमारियों तथा बक्सों के ताले तोडकर कीमती सामान पार कर ले गए।

पीडित मकान मालिक रामचन्द्र सिंह पलसानियां बताया कि गत 15-20 दिनों से अपने पैतृक गांव ढाणी ठाकुरसिंह वाली तन कंचनपुर गया हुआ था और मकान को सप्ताह भर पहले ही संभाल कर गया था। कल देर शाम को मकान मालिक के बहिन का लडका सुनिल जो मकान पर कुछ जरुरी सामान लेने के लिए आया तो वह हक्का बक्का रह गया। मकान तथा कमरों व अलमारियों एवं बक्सों के ताले टूटे हुए पडे थे और सामान अस्त व्यस्त पडा था। सुनील ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस तथा अपने फुफाजी रामचंद्र को दी। सूचना पर गश्त में आई श्रीमाधोपुर पुलिस ने घटना देखकर जाजोद थाना पुलिस को मामला बताया वहीं जाजोद थाना पुलिस को सूचना देने के बाद उन्होंने श्रीमाधोपुर थाने का मामला बताया। दोपहर तक दोनों थानों के मध्य सीमा विवाद का मामला सुलझने के बाद पुलिस थाना श्रीमाधोपुर में पीडित रामचंद्र सिंह जाट पुत्र गोपाल राम ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोरों ने तीन कमरों के ताले तोडकर एवं कमरों की अलमारियों एवं बक्सों के ताले तोडकर एक सोने की चैन, दो सोने की अंगुठी, एक पायजेब जोडी, दो चांदी की अंगुठी,चार चांदी की बिछुडी तथा 22 हजार रूपयों की नकदी चोरी कर ले गए।

## अधिकारी जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें : कलेक्टर



डॉ.सौम्या झा

**टोंक,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ.सौम्या झा ने अधिकारियों को जनहित से जुडी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समस्याओं की किसी भी माध्यम से जानकारी होने पर उसके निस्तारण के उचित प्रयास किए जाएं, ताकि आमजन को असुविधा नहीं हो।

जिला कलेक्टर के निर्देशों के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शुद्ध पेयजल की सप्लाई, लीकेज टूटी हुई पेयजल लाइनों को दुरुस्त करने का त्वरित प्रयास कर रहा है। ग्राम राजमहल में फिल्टर प्लांट से अशुद्ध पानी की आपूर्ति पर पीएचईडी (बीसलपुर परियोजना) के अभियंताओं ने बताया कि सीडब्ल्यूआर में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर डाला जा रहा है साथ ही पेयजल के सैंपल प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाए गए हैं। क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। पीपलू क्षेत्र में अत्यधिक बारिश के कारण मासी नदी में स्थित कुओं के डूब जाने के कारण पेयजल सप्लाई बाधित होने पर विभाग द्वारा बीसलपुर परियोजना से आमजन को पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कर राहत दी गई। जिले में विगत दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण जल बहाव एवं भराव के कारण कई स्थानों पर पानी का स्तर कम होने के बाद पाइप लाइनों को ठीक करने की कार्रवाई की जाएगी।इसी तरह भारी बारिश के कारण निवाई उपखंड में झिलाई-सिरोही रोड पर गंगा पुरा के पास बने गड्ढे को पाइपलाइन डलवा कर दुरुस्त किया गया, ताकि किसी भी प्रकार के संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। ग्राम हिंगोनिया बुजुर्ग में श्मशान घाट में टीनशेड नहीं होने पर ग्राम वासियों को मृत व्यक्ति के अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पंचायत प्रशासन ने नवीन टिनशेड लगवाने की कार्रवाई कर लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाई।

## भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे की बालाजी बायपास सडक स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में रविवार को तहसील स्तर की मासिक बैठक तहसील अध्यक्ष टीकम चन्द नागा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें तहसील कार्यकारणी की घोषणा मंत्री बाबूलाल द्वारा की गई। साथ ही 15 सितम्बर को रामपुरा डाबडी (चौमू) में आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन में जाने की योजना बनाई गई। इसके साथ ही कार्यकर्ता अभ्यास रखने की योजना पर चर्चा हुई। कार्य विस्तार के लिए दायित्व तय किये गये। इस अवसर पर उपाध्यक्ष छत्रपाल, उपाध्यक्ष पवन नराणिया, सह मंत्री हनुमान सिंह, बजरंग सिंह, जैविक खेती प्रमुख तारा चन्द खेड़ी, स्वच्छता प्रमुख राजेन्द्र खेडी, सह मंत्री गोरी शंकर गुढा, जगदीश शर्मा, श्याम सुन्दर चौधरी, राधेश्याम रोजडी, गोपाल किसान रोजडी, व्यसन मुक्ति प्रमुख अशोक कुमार, युवा प्रमुख लाल चन्द हिरनोदा सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सचिन का थल सैनिक फाईरिंग में चयन



**मालपुरा,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के एनसीस कैडेट्स सचिन सैनी का चयन दिल्ली के ऑल इंडिया थल सैनिक फाईरिंग के अंदर चयन होने पर खुशी की लहर दौडी। विद्यालय कार्यवाहक प्रधानाचार्या अल्का पारीक, एनसीसी ट्रूफ कमाण्डर कपिल जांगिड ने बताया कि राजस्थान से कुल आठ एनसीसी कैडेट्स को इस कैम्प के लिये चयन किया गया है। जिसमे स्थानीय विद्यालय के छात्र व एनसीसी केडेट्स सचिन सैनी की कडी मेहनत व लग्न व अनुशासन का परिचय देते हुये आज इस मुकाम पर पहुंचे।

### दूनी के सुरेश अग्रवाल सम्मानित



**टोंक,** (निसं)। देवली उपखंड के दूनी निवासी सेवानिवृत पोस्ट मास्टर सुरेश चंद्र अग्रवाल रविवार को उदयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान से सम्मानित हुए। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि उदयपुर में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय परिसर के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित 28वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह 2024 में जनजाति मंत्री बाबू लाल खराडी, सांसद मन्नालाल रावत, चुन्नीलाल गरासिया, विधायक फूल सिंह मीणा, शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल,शिक्षा निदेशक सीताराम जाट व आशीष मोदी की उपस्थिति में शिक्षामंत्री दिलावर ने अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया गया। भामाशाह सम्मान में अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। पीएम श्री विद्यालय दूनी के संयोजक सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि अग्रवाल को यह सम्मान उनके द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूनी में आचार्य विद्यासागर सभागार के निर्माण लिए प्रदान किया गया। इनके द्वारा निर्मित 25 गुणा 50 फीट के इस सभागार की कुल लागत साढे पंद्रह लाख रुपए थी। विद्यालय सचिव एवं प्राध्यापक महावीर प्रसाद बडगूजर ने बताया कि विद्यालय में कृषि एवं विज्ञान संकाय खुलने के बाद छात्र-छात्राओं के बैठने हेतु अतिरिक्त कक्षा कक्षों की विशेष आवश्यकता महसूस की जा रही हैं, सभागार का निर्माण विद्यालय के लिए उपयोगी साबित हो रहा है।

### भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला

**पावटा,** (निसं)। भाजपा सदस्यता अभियान के संदर्भ में विराटनगर शहर मंडल की सदस्यता अभियान की कार्यशाला कस्बे के रामलीला मैदान में जयपुर जिला देहात उत्तर अध्यक्ष श्याम शर्मा के मुख्य आतिथ्य व विराटनगर शहर मंडल संयोजक महेन्द्र सैनी की अध्यक्षता एवं विधायक कुलदीप धनकड के पुत्र आशिष धनकड, जयपुर जिला देहात उत्तर उपाध्यक्ष एवं सदस्यता अभियान जिला सह संयोजक गिरिराज शर्मा, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता रोहिताश्व सिंधु, जिला उपाध्यक्ष सुरेश बादलिवाल, भाजपा नेत्री किरण शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं ने वंदेमातरम गीत के साथ की। वही भाजपा सदस्यता अभियान विराटनगर शहर मंडल संयोजक दीपेश चौबे एवं सहसंयोजक हेमराज सैनी, सह संयोजक शिवराम गुर्जर ने अतिथियों का भारतीय जनता पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यशाला में दो सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी, कार्यशाला पार्षद रोमेश मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश दायमा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मामराज सोलंकी, नरेन्द्र शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष गणपत लाल शर्मा, छाजूराम जांगिड, पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलचंद सैनी, पूर्व पार्षद रामेश्वर मीणा, पार्षद प्रतिनिधि सुरज्ञान सैनी, पूर्व पार्षद छगन सैनी, महेश सैनी, बंशी सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेन्द्र, रवि शर्मा, दिनेश सोनी, बाबूसिंह, सीताराम स्वामी, विवेक यादव, रूपेंद्र शर्मा, अमरचंद सैनी, याली गुर्जर, राजू यादव, घनश्याम सैनी, बंटी चौधरी, महेश वर्मा सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गरीब रथ ट्रेन का खैरथल में होगा ठहराव

**खैरथल,** (निसं)। पूर्व विधायक रामहेत यादव व क्षेत्र की जनता की मांग पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की अनुशंसा पर गरीब रथ एक्सप्रेस दिल्ली बांद्रा चलने वाली ट्रेन के 2 सितंबर से खैरथल में ठहराव होने की केंद्रीय रेल मंत्री ने हरी झंडी दे दी है। 2 सितंबर सोमवार से होने वाले ट्रेन ठहराव के दौरान दिल्ली से केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ट्रेन में बैठकर खैरथल आएंगे। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर खैरथल क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी। खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय होने के साथ खैरथल राजस्थान की प्रमुख अनाज मंडियों में एक है। ट्रेन ठहराव की मांग पूरी होने पर खैरथल क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। इस ट्रेन के ठहराव होने से क्षेत्र के लोगों के साथ व्यापारियों को दिल्ली मुंबई आने जाने में आसानी होगी। पूर्व विधायक यादव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव 2 सितंबर को खैरथल में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए दिल्ली से खैरथल तक ट्रेन में बैठकर आएंगे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का स्वागत एवं आभार व्यक्त करने के लिए बडी संख्या में खैरथल सहित आसपास के क्षेत्र से व्यापारी पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के लोग खैरथल स्टेशन पर पहुंचेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री के स्वागत एवं आभार कार्यक्रम की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर पूर्व विधायक यादव ने खैरथल व किशनगढबास के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली है। यादव ने संगठन कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी है।

## बस चालक ने सड़क पर बैठे गौवशों को रौंदा, चार की मौत




गौवशों की मौत का समाचार पाकर काफी संख्या में हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और घटना की निंदा की।

- श्याम भक्तों सहित लोगों ने बस का पीछा कर रींगस में आरोपी चालक को पकड़ा

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। थाना इलाके के मऊ गांव में मुख्य बस स्टेंड के पास एक लापरवाह बस चालक ने तेज गति से वाहन को चलाते हुए सात गौवशों को टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। जिससे हादसे में मौके पर ही चार गौवंशों की मौत हो गई तो वहीं तीन गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के बाद बस का पीछा करते हुए उसे रींगस में पकड लिया और चालक को पकडकर पुलिस के हवाले किया।

गौवशों की मौत का समाचार पाकर काफी संख्या में हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और घटना की निंदा की। सभी लोग एकत्रित होकर पुलिस थाना पहुंचे और बस चालक के खिलाफ सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र कुमार सहित संगठन व ग्रामीणों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। थानाधिकारी जयसिंह बसेरा ने बताया कि मामलें में तत्काल कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज कर चालक को गिरफ्तार कर बस को जप्त कर लिया है। वही हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने हिन्दु रीति रिवाज से मृत सभी गोवंशों को गांव में जेसीबी से गड्ढा खोदकर उन्हें दफनाया और घायल गोवंशों का मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर इलाज करवाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार बस नोएडा से रिंगस खाटू जा रही थी। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के मुकेश शर्मा, प्रत्यक्ष दर्शी नारायण सिंह, मोनू मानेसर, रामू बावडी, सीकर से गोरक्षक केके भगोट, राकेश चुलेट, महावीर सिंह, मोहन सिंह, रामसहाय कुमावत, भंवर सिंह, भगवान सिंह, टवर सिंह, बंटी सिंह, सांवर कुमावत, रुद्र शर्मा, जयप्रकाश जांगिड, तेजपाल सिंह, सांवर मल शर्मा, महेश सैन, महेंद्र वर्मा, मुकेश कुमावत, पप्पू सिंह, रामावतार कुमावत, प्रतीक कुमावत सहित काफी संख्या में गौभक्त एवं ग्रामीण मौजूद रहें।

## मुख्य मार्गों से निकली भगवान देवनारायण की शोभायात्रा

- ध्वज पदयात्रियों का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ हुआ स्वागत

**कोटपूतली,** (निसं)। गुर्जर समाज के आराध्य, लोक देवता भगवान श्री देवनारायण के टोंक-निवाई स्थित श्री देवधाम जोधपुरिया के लिये प्रतिवर्ष श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान के तत्वाधान में निकाली जाने वाली ध्वज पदयात्रा का रविवार को कोटपूतली पहुँचने पर संस्थान के तत्वाधान में श्री देवनारायण सेवा समिति के पदाधिकारियों, गुर्जर समाज के पंच पटेलों व जनप्रतिनिधियों ने जोरदार स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि कोटपूतली में सीकर के नीमकाथाना, हरियाणा, दिल्ली, अलवर, भरतपुर आदि स्थानों से ध्वज पदयात्री एकत्रित होते है। जिसके बाद श्री देवधाम जोधपुरिया के लिये संयुक्त रूप से प्रस्थान करते है। शनिवार को 27 गाँवों के पदयात्रियों का जत्था बानसूर में रूका। जिन्हें पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वहीं रविवार को कस्बे के बानसूर रोड स्थित कृषि उपज मण्डी परिसर में जगह-जगह से आये ध्वज पदयात्री व श्रद्धालु एकत्रित होने लगे। कस्बे के अनाज मण्डी परिसर स्थित श्री शिव मन्दिर में भगवान श्री देवनारायण के ध्वजों का विधायक हंसराज पटेल, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना, कांग्रेस नेता देव कसाना, जयराम सिंह गुर्जर, समिति के जिलाध्यक्ष दयाराम कसाना नेताजी, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, युवा कांग्रेस के मुकेश कसाना, जिला पार्षद मन्जू रावत, लीलाराम पीटीआई, रामसिंह कसाना, रोशन हवलदार, पूर्व पार्षद हरदान पायला समेत अन्य ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कस्बे के मुख्य मार्गो से अपार जोश, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री देवनारायण की शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कोटपूतली कस्बा भगवान श्री देवनारायण के जयकारों से गूंज उठा। पूरानी नगर पालिका तिराहे पर तहसील गुर्जर महासभा के अध्यक्ष नीरज पटेल के नेतृत्व में महेन्द्र सराधना, युवा नेता जयसिंह पायला व पार्षद प्रतिनिधि मुखिया पायला आदि ने स्वागत किया। इसी प्रकार व्यापार संघ के सदस्यों ने भी क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष हंसराज कसाना के नेतृत्व में ध्वज पद यात्रियों का स्वागत किया। इस मौके पर व्यापार संघ के होशियार कसाना, बुधराम कसाना, विरेन्द्र कसाना, पंसस प्रतिनिधि वीरू कसाना, रमेश जिंदल, श्रीपाल कसाना आदि मौजूद रहे। नगर परिषद पार्क के सामने पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में पद यात्रियों का जगदीश कसाना, इन्द्राज कसाना, अभिषेक रावत आदि ने स्वागत किया। मुख्य चौराहे पर विधायक हंसराज पटेल के नेतृत्व में पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई।